Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to make life insurance mandatory in making Kisan Crediti Card.

श्री उदय प्रताप सिंह (होशंगाबाद): अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद । मैं आपके माध्यम से भारत सरकार का ध्यान किसान क्रेडिट कार्ड योजना की तरफ आकृष्ट करना चाहता हूं । फसल बीमा योजना पूरे देश में लागू की गई है । माननीय प्रधान मंत्री जी ने किसानों को राहत देने की बात की और उसके लिए काम भी किया है । मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं कि किसान क्रेडिट कार्ड किसान के लिए बहुत महत्वपूर्ण स्कीम है । इससे बैंक के माध्यम से किसान को मदद मिलती है । मैं आग्रह करना चाहता हूं कि जब किसान क्रेडिट कार्ड बनाया जाता है, तो उसी समय उस क्रेडिट कार्ड के साथ उसका जीवन बीमा भी किया जाए । भगवान न करे कि कभी कोई विसंगति हो, लेकिन दुर्घटना की स्थिति में अगर किसान नहीं रहता है तो बाद में उसके परिवार को किसान क्रेडिट कार्ड का लोन जमा करते समय, उसे जीवन बीमा की राशि मिलेगी, उससे उनको बड़ी मदद मिलेगी । इसलिए मेरा आपके माध्यम से सरकार से आग्रह है कि किसान क्रेडिट कार्ड बनाते समय उसमें जीवन बीमा भी अनिवार्य किया जाए । अगर इस तरह के निर्देश बैंकों के लिए जारी होंगे, तो बड़ी कृपा होगी । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष: श्री सुधीर गुप्ता, डॉ. किरिट पी. सोलंकी, श्री गणेश सिंह और श्री नारणभाई काछड़िया को श्री उदय प्रताप सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।